परामर्शदाता– सामुदायिक प्रक्रियाएं के पद पर
भर्ती हेतु सूचना

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के एक अंग के रूप में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) का गठन किया गया था। यह सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाने हेतु राज्यों को तकनीकी सहायता, कार्यान्वयन सहयोग एवं क्षमता विकास में सहयोग प्रदान करने हेतु एक स्वायत्त पंजीकृत सोसायटी है।

एनएचएसआरसी, अपने सामुदायिक प्रक्रियाएं प्रभाग के लिए पूर्णतः संविदा आधार पर परामर्शदाताओं के पद के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है।

भूमिकाएं एवं दायित्वः

सामुदायिक प्रक्रियाएं (सीपी) कार्यक्रम के कार्यान्वयन में यथाआवंटित चयनित राज्यों को प्रत्यक्ष सहयोग। प्रमुख कार्यों में शामिल हैं:

- प्रशिक्षण के लिए राज्य और जिला स्तरों पर सहायता, फील्ड आधारित सहयोग, कार्य–निष्पादन की निगरानी, आशा और वीएचएसएनसी की राज्य स्तरीय नीतियों, भुगतानों/प्रोत्साहनों, वित्तीय निगरानी, सीपी डेटाबेस का रखरखाव, और प्रशिक्षण एमआईएस और विस्तार के लिए राज्य और जिला स्तर के नवाचारों के बारे में अद्यतन जानकारी रखने सहित आशा, वीएचएसएनसी और सीपी कार्यक्रम के अन्य घटकों में सुधार के लिए सहयोगी ढांचा स्थापित करना/सुदृढ़ करना।
- सामुदायिक भागीदारी के लिए बनाए गए मंचों– ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समितियों (वीएचएसएनसी), महिला आरोग्य समितियों (एमएएस), और रोगी कल्याण समितियों (आरकेएस) के अंतर–क्षेत्रीय अभिसरण सहित प्रशिक्षण के कार्यान्वयन और पर्यवेक्षण सहयोग में राज्यों की सहायता करना।
- राज्यों के मान्यता प्रदान करने और प्रमाणन के उपाय के रूप में प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेकर और जिला/राज्य स्तर के प्रशिक्षण स्थल विकसित/सुदृढ़ कर आशा, वीएचएसएनसी, एमएएस और आरकेएस के लिए प्रशिक्षण सुविधा उपलब्ध कराना।
- स्वास्थ्य के सार्वजनीकरण की दिशा में प्रगति करने के लिए व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य पैकेज के कार्यान्वयन हेतु जिला एवं उप–जिला सहयोग को सक्षम बनाना।
- राज्य और जिला आशा सहयोगी स्टाफ के साथ आवंटित राज्यों में समीक्षा बैठकों में सहयोग करना।
- दिशानिर्देश, मैनुअल और प्रशिक्षण मॉड्यूल तैयार करने में सहयोग करना।
- कार्यान्वयन अनुसंधान करने में सहयोग करना।
- सामुदायिक प्रक्रिया संबंधी कार्यों के लिए नीतिगत ब्यौरे तैयार करने और पूरे राज्य में उसके कार्यान्वयन एवं निगरानी में सहायता करना।

पद के लिए पात्रता/ योग्यताएंः

अनिवार्यः

- सामुदायिक स्वास्थ्य में अनुभव के साथ स्वास्थ्य प्रबंध में स्नातकोत्तर डिप्लोमा/एमबीबीएस/बीडीएस/आयुष उपाधि।
- स्वास्थ्य कार्यक्रमों के कार्यान्वयन में शिक्षण उपरांत कार्य करने का न्यूनतम 3 वर्षों का अनुभव

- सरकार, गैर–सरकारी संगठनों (एनजीओ)/क्षेत्रीय संसाधन केंद्रों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवा प्रदायगी कार्यक्रमों के प्रत्यक्ष कार्यान्वयन का अनुभव
- निम्नलिखित एक या सभी क्षेत्रों में बहुक्षेत्रीय कार्य करने की प्रदर्शित योग्यताः अभिलेखन, आंकड़ा विश्लेषण, और प्रशिक्षण
- उत्कृष्ट संप्रेषण एवं प्रस्तुति कौशल, विश्लेषणात्मक एवं अंतर्वैयक्तिक योग्यताएं
- अंग्रेजी भाषा में उत्कृष्ट मौखिक और लिखित संप्रेषण कौशल

वांछनीयः

- हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान।
- बहु–क्षेत्रीय टीम परिवेश में कार्य करने की प्रदर्शित योग्यता।
- बड़े पैमाने के सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता कार्यक्रमों/राज्य स्तर के जन स्वास्थ्य कार्यक्रमों के साथ कार्य करने का प्रदर्शित अनुभव।
- अन्य क्षेत्र के कार्यक्रमों; पोषण, जल एवं स्वच्छता, पंचायती राज संस्थाओं के साथ कार्य का अतिरिक्त अनुभव।

उच्च गुणवत्ता वाले प्रकाशित कार्य या विनिर्दिष्ट सुसंसगत कार्य अनुभव होने पर औपचारिकशैक्षिक योग्यता और अनुभव में ढील दी जा सकती है।

आयु सीमाः अधिकतम 35 वर्ष (आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि को), महिला अभ्यर्थियों के लिए 5 वर्षों की ढील दी जा सकती है।

कार्य स्थलः नई दिल्ली, राज्यों एवं जिलों की यात्रा करने को इच्छुक

पारिश्रमिक सीमाः प्रतिमाह 40,000/– रु. से 90,000/– रु. के बीच

नोटः अपने जीवन–वृत्त (रिज्यूमे) में आयु, डिग्रियां प्राप्त करने के वर्ष, वर्तमान और पूर्व नियुक्तियों की तिथियों का उल्लेख करना अनिवार्य है, इनके बिना इसे स्वीकार नहीं किया जाएगा।

आवेदन, ई–मेल द्वारा consultant.cp.2016@gmail.com पते पर या डाक/दस्ती रूप से प्रबंधक, एनएचएसआरसी, एनआईएचएफडब्ल्यू परिसर, बाबा गंगनाथ मार्ग, मुनिरका, नई दिल्ली– 110 067 पर दिनांक 26-April-2016 को **अपराह्न 4 बजे तक** पहुंच जाने चाहिए। डाक द्वारा भेजे गए आवेदनों के मामले में लिफाफे के ऊपर और ई–मेल द्वारा भेजे गए आवेदनों के मामले में विषय लाइन पर आवेदन किए गए पद का नाम अवश्य लिखें, अन्यथा आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।